Title: Need to declare Mirzapur district in Uttar Pradesh as industrially Backward.

15.13 hrs.

श्री रामशकल (राबर्टसगंज) : सभापति जी, मिर्जापुर जनपद में पाषाण खनन पर रोक, पीतल बर्तन उद्योग, लौह उत्पादन उद्योग सहित सभी उद्योग एक-एक करके बन्द हो चुके हैं। अब ए.एफ.आई.आर. ने सीमेंट निगम की चुनार इकाई को भी बंद करने का आदेश पारित कर दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा परिभाषित ठउद्योग शून्य जनपद' की सभी अर्हताएं व परिस्थिति मिर्जापुर जनपद की है। आज पत्थर उद्योग के ५०,००० मज़दूर परिवार, सीमेंट इकाई के ६००० मज़दूर परिवारों के बेकार होने से व जनपद में बेरोज़गारी की दशा ने इस समस्या को अविलंबनीय लोक महत्व का बना दिया है। आपके माध्यम से मैं मिर्जापुर जनपद को तत्काल उद्योग शून्य घोषित करने की मांग करता हूं।

15.14 hrs. (Dr. Laxminarayan Pandey in the Chair)